# दुष्कर्म में फंसाने का डर दिखाकर ठगे 4.20 लाख

## साइबर ठगों ने दरोगा बनकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर ठगों ने वाट्सअप पर कॉल कर खुद को बिजनौर थाने का दरोगा बताकर उनके बेटे को युवती से दुष्कर्म के मामले में फंसा होने की बात कहकर अपने जाल में फंसा लिया तथा 4 लाख 20 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली है पुलिस बैंक डिटेल के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। युवक बिजनौर जिले की जलीलपुर ब्लाक में कार्यरत् है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मच्छरट्टा में स्व. शैलेश सरन गुप्ता का परिवार रहता है। उनकी पत्नी रवि लता अग्रवाल का आरोप है कि उनका बेटा सौरभ गुप्ता बिजनौर जिले के जलीलपुर ब्लॉक में कार्यरत है। 26 मार्च को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को बिजनौर थाने का दरोगा संजय अरोड़ा बताया। कहा कि उनका बेटा एक 14-15 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के केस में फंस गया है। बेटे को अगर जेल जाने से बचाना है तो पैसे खर्च होंगे। आरोपी ने रवि लता अग्रवाल को डराया और जल्द पैसे भेजने का दबाव बनाया। घबराई रवि लता अग्रवाल तुरंत साइबर कैफे पहुंचीं और

**■ बिजनौर जनपद के जलीलपुर ब्लाक में तैनात है युवक**

अलग-अलग खातों में पहले दो लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 27 मार्च को फिर से फोन कर आरोपियों ने पैसे की मांग की। इसके बाद उन्होंने एक अन्य खाते में 2.20 लाख रुपये और जमा करा दिए। इस तरह कुल 4.20 रुपये की ठगी कर ली गई। बाद में जब रवि लता अग्रवाल को शक हुआ तो उन्होंने शहर कोतवाली पहुंच पुलिस से संपर्क किया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। संबंधित बैंक से डिटेल मांगी गई है।

# हसनपुर के मजदूर की पंजाब में करंट से मौत

## शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम, पत्नी व पांच बच्चों का रो रोकर बुरा हाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव निवासी युवक की पंजाब के लुधियाना में बिजली लाइन बिछाने के कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां विद्युत पोल लगाते समय हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

मंगलवार को जब मृतक का शव उनके पैतृक गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। थाना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी जोगराज सिंह पुत्र शोभाराम आयु 45 वर्ष अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए लुधियाना में मजदूरी कर रहे थे। रविवार शाम करीब 6:30 बजे अन्य मजदूरों के साथ विद्युत पोल लगाते समय पोल ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकरा गया। करंट इतना जोरदार था कि जोगराज की कुछ ही मिनटों में मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव गांव भीमा सुल्तानपुर पहुंच गया। सूचना मिलते ही विधायक पुत्र एवं भाजपा नेता देवेंद्र खड़गवंशी मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। परिजनों ने गमगीन माहौल में गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और पांच छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है।

# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

## हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने के कारण युवक की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरो को खंगाल रही है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव भोगपुरा निवासी जगदेव अपने पिता रामगोपाल को बाइक पर बैठाकर सोमवार रात मकान के निर्माण के लिए संभल जनपद में एक भट्टे पर ईट तय करने के लिए गया था। देर रात गये जगदेव बाइक से घर लौट रहे थे। शोधन गैस एजेंसी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मैं जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जगदेव आयु 30 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे पिता रामगोपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। वारदात को अंजाम देकर अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन को पकड़ने के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाल रही है। बताया जाता है कि मृतक बहुत ही कमजोर परिवार से है। मृतक अपने पीछे पत्नी शोभा पुत्र अंकित व अनुज को रोते बिलखते छोड़ गया है।

**शादी से पांच दिन पहले लांघी घर की दहलीज, प्रेमी व सहयोगी पर रिपोर्ट**

# परिजनों को बेहोश कर युवती प्रेमी संग फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी से पांच दिन पहले युवती ने फिल्मी अंदाज में परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया तथा खुद प्रेमी संग फरार हो गयी। इस मामले में पुलिस ने प्रेमी समेत उसके सहयोगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घर में शादी की तैयारियां धरी रह गयीं जबकि परिवार में मातम पसरा है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। किसान के परिवार में बेटी की शादी तय हो चुकी थी और 5 अप्रैल को गांव में उसकी बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं लेकिन युवती का प्रेम प्रसंग पड़ोस में रहने वाले एक युवक के साथ चल रहा था, परिजन इस बात से अंजान थे। इसी बीच युवती ने घर से भागने का तानाबाना बुन लिया। 29 मार्च की रात करीब आठ बजे गांव के ही रिजवान और उसका दोस्त जुनैद किसान के घर पहुंचे। इन दोनों का पहले से ही किसान के घर में आना-जाना था। दोनों ने किसान की बेटी के साथ मिलकर खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाने के बाद किसान सहित परिवार के सभी सदस्य बेहोश हो गए। सुबह में जब घर से कोई हलचल नहीं हुई, तो पड़ोसियों ने भीतर जाकर देखा। अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे में बिस्तर पर सभी बेसुध हालत में पड़े हुए थे। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत सभी बेहोश सदस्यों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। होश आने पर किसान ने अपनी बेटी को गायब पाया। काफी तलाश के बाद पता चला कि रिजवान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है, जिसमें जुनैद ने भी भूमिका निभाई है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि रिजवान और जुनैद के खिलाफ युवती को बहला- फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा निकल रहा है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा। वहीं, घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है और शादी की तैयाीरियां धरी की धरी रह गई हैं।

# बिजली कनेक्शन काटने पहुंची टीम को घेरा

## ग्रामीणों ने काटा हंगामा, सरकारी काम में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने पहुंची बिजली विभाग की टीम को घेरने के बाद जमकर हंगामा किया। भारी विरोध के चलते टीम को गांव से बैरंग लौटना पड़ा। आरोपियों ने दोबारा गांव में घुसने पर बुरा अंजाम करने की धमकी भी दी। मामले में जेई की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य बाधा डालने व धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नौगावां सादात 33 केवीए बिजलीघर पर तैनात जेई जुबैर अहमद के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बकाया बिल की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नियमित बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे एक विभागीय टीम को क्षेत्र के गांव अदलपुर समधू भेजा गया था। टीम में टीजी 2 अर्जुन सिंह गुर्जर के अलावा लाइनमैन पप्पू, राजकुमार, यशपाल, मरगूब, सौरभ व पुखराज शामिल थे। 31146 रुपये का बिल बकाया होने पर टीम जब उपभोक्ता यामीन का कनेक्शन काटने पहुंची तभी यामीन का बेटा मोहम्मद पड़ोस में रहने वाले कमरुद्दीन और शाहरुख को लेकर वहां आ गया। तीनों ने मिलकर टीम का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। शोर-शराबा होता देख मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए आरोपियों ने कनेक्शन काटने नहीं दिया, भारी विरोध के चलते टीम को गांव से बैरंग लौटना पड़ा। इतना ही नहीं आरोपियों ने दोबारा गांव में घुसने पर जान से मारने की धमकी भी दी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में जेई जुबैर अहमद की तहरीर आरोपी नूर मोहम्मद, शाहरुख खान व कमरुद्दीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# चाय पिलाने के बहाने मनोरोगी से कुकर्म

## तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** मनोरोगी को चाय पिलाने के बहाने तीन युवकों ने उसके साथ कुकर्म किया। पीड़ित ने घर पहुंचकर इसकी जानकारी परिजनों को दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो को नामजद करते हुए तीन के खिलाफ कुकर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला कस्बे के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति का 16 वर्षीय बेटा मनोरोगी है। सोमवार देर शाम वह मोहल्ले में घूम रहा था। आरोप है कि मोहल्ले का ही कपिल, सुमित और एक अज्ञात युवक उसे चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गए। पहले उन्होंने किशोर को चाय पिलाई और बाद में बहला फुसलाकर उसे गांव जोई के जंगल में स्थित एक प्लाटिंग में ले गए। जहां उसके साथ कुकर्म किया। बाद में घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को घटना के बारे में बता दिया। मंगलवार सुबह पिता ने थाने पहुंच कर तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## खाटू श्याम की झांकी ने सबका मनमोहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री बालाजी दरबार सेवा समिति के तत्वाधान मे मच्छरटा स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बाबा खाटू श्याम की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। जगह जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

मंगलवार को शहर के मोहल्ला मच्छरटा से अखंड ज्योति के संग बैंड बाजों की धुन पर 151 कुण्डीय कलश यात्रा बालाजी दरबार से शुरू होकर कोतवाली, बड़ा बाजार, जट बाजार, कन्या देवी इंटर कॉलेज, तहसील मार्ग व मोहल्ला चौक होते श्री बालाजी हनुमान मंदिर पहुंच कर आरती के बाद समापन हुई। शोभायात्रा में शामिल झाकियों ने सभी का मन मोह लिया, जबकि खाटू श्याम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जगह जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप भटनागर, गौरव वर्मा, अतुल पंडित, कमल रघुवंशी, रवींद्र, कमल प्रजापति, अंकित गुप्ता, विकास टंडन, जमना देवी आदि मौजूद रहे।

# युवक व दोस्त को बैल्टों व लात घूंसो से पीटा

## चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान में चाय पी रहे युवक पर बेल्टों व लात घुसो से हमला बोल दिया। बचाव में आए दोस्त के भाई को भी पीटकर घायल कर दिया। चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी यासिर द्वारा कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार की रात वह बिजनौर रोड स्थित दुकान पर चाय पीने गया था, गुलड़िया निवासी भाई का दोस्त मोनिस भी उसके साथ था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ला चिल्ला के रहने वाले समीर, गुफरान, अरबाब व सामी वहां आ गए ,चारों ने उसे देखकर बेवजह गली गलौज शुरू कर दी। यासिर के विरोध जताने पर चारों ने अचानक उस पर हमला बोल दुकान के अंदर ही लट घुसो व बेल्टों से जमकर पीटाई की, बीच बचाव को आए मोनिस को भी जमकर पीटा, हमले में दोनों के नाक और सर में चोट लगने से दोनों घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। मामले में चारो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। घटना की जांच कर रही है।

# शिव मन्दिर का विवाद सुलझा

## चेयरमैन ने दोनों पक्षों में करायी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के रामलीला मैदान के सामने स्थित नवदुर्गा मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित शिव मंदिर को लेकर चल रहा विवाद मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की पहल से सुलझ गया। मंदिर के नामकरण और परिसर में लगाई गई मूर्तियों को लेकर नगरवासियों और परिवार विशेष के बीच चल रहे मतभेद को उन्होंने मध्यस्थता कर आपसी सहमति से समाप्त करा दिया।

पिछले कुछ दिनों से नगर में मंदिर का नाम शार-विनोद रखे जाने और परिवार विशेष के दिवंगत माता-पिता की मूर्तियां लगाए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी थी। इसको लेकर नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा था और मामले में कार्रवाई की मांग की थी। मामले की जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने तुरंत पहल की और दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया। उन्होंने धार्मिक स्थल की गरिमा और नगर की शांति बनाए रखने पर जोर देते हुए दोनों पक्षों को समझाया। उनके प्रयासों से दोनों पक्ष आपसी सहमति पर राजी हो गए और विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नगर की एकता और धार्मिक सौहार्द बनाए रखना सबसे जरूरी है। किसी भी धार्मिक स्थल को लेकर विवाद बढ़ना ठीक नहीं है। उन्होंने सभी नगरवासियों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। प्रवीण अग्रवाल की इस पहल की नगर में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि समय रहते मध्यस्थता होने से विवाद टल गया।

# परिवार को वश में करने का झांसा देकर पड़ोसी ने नकदी समेत लाखों के जेवर हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घर में तांत्रिक क्रिया के माध्यम से परिवार को वश में करने की बात कहकर एक व्यक्ति ने पड़ोसी की बेटी को बहला फुसलाकर घर में रखी 80 हजार की नकदी और सोने चांदी के आभूषण हड़प लिए। कुछ दिनों बाद जब घर में आभूषण नहीं मिले तो बेटी ने अपने माता पिता को पूरी बात बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**■ पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बुधबाजार में मस्जिद के पीछे वाली गली में डॉ0बाकर अली खान का आवास है। कुछ दिनों पहले बाकर अली ने अपनी बेटी फिजा खान को स्कूल न जाने को लेकर डांट फटकार दिया था। जिसके बाद पड़ोसी तनवीर अहमद पुत्र शेर मौहम्मद ने बेटी को गुमराह करते हुए कहा कि तेरे पापा तुझे रोज मारते पीटते रहते हैं, कुछ तांत्रिक क्रिया करा लो जिससे सारा परिवार तुम्हारे वश में आ जाए। जिसके बाद फिजा बहकावे में आ गई और उसने घर में रखी 80 हजार रूपये की नकदी, 08 तोले सोने से निर्मित चार कंगन, दो दो तोले की अंगूठी व जंजीर सहित एक जोड़ी चांदी की पायल तनवीर को दे दी। 25 फरवरी 2026 को जब बाकर अली की पत्नी ने आभूषण देखे तो वे नहीं मिले। जिसके बाद फिजा से पूछा तो उसने बताया कि पड़ोसी तनवीर ने उसे तांत्रिक क्रिया के माध्यम से परिवार को वश करने का झांसा देकर रकम और सोने चांदी के आभूषण लिए थे। इसके बाद जब बाकर अली ने तनवीर से पूछा तो उसने रकम व गहने देने से मना कर दिया और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी तनवीर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**एक नजर**

## एएसएम खाता में परीक्षाफल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ए.एस.एम. बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नर्सरी से कक्षा 8, 9 एवं 11 तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर किताबें, बैग, लंच बॉक्स व पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक श्री गुप्ता ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस बार किसी कारणवश सम्मानित नहीं हो सके, वे आगामी सत्र में कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करें और विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जोगेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम का संचालन एनसीसी सेकेंड ऑफिसर देवेंद्र गोला द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## बिहारी सिंह कालेज में परीक्षाफल वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज के वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का रहरा थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने शुभारंभ किया। कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को रिजल्ट प्रमाण पत्र मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के डायरेक्टर ब्रहम दत्त त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र सिंह त्यागी प्रमोद त्यागी मुनीम कुमार बॉबी कुमार राजपाल सिंह सुंदर पाल सिंह अरविंद कुमार श्रीमती रेखा सिंह श्रीमती रेखा ठाकुर शबाना खेती पप्पू सिंह दीपक त्यागी दानिश मलिक रूबी समीर खान मौजूद थे।

# मां ललिता देवी के मंदिर में झुकाया शीश



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मां ललिता देवी मंदिर सिद्ध पीठ पर चौत्र मास के चतुर्थ मंगलवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने अनाज, नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाकर मां ललिता से सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। यहां पर बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए तो वहीं नवविवाहित दंपतियों ने भी सुखी दाम्पत्य जीवन की प्रार्थना की।

**■ चैत्र माह के मंगलवार को पहुंचे हजारों श्रद्धालु**

बता दें कि चौत्र मास के पांच मंगलवारों को माँ ललिता देवी मंदिर पर विशाल मेला लगता है। चतुर्थ मंगलवार को भी यहां पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की पंक्तियां लगनी प्रारम्भ हो गईं। मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने माँ ललिता देवी की माथा टेककर आशीर्वाद मांगा। अनाज, नारियल, चुनरी पुष्प आदि चढ़ाकर सुख और समृद्धि की प्रार्थना की। मां ललिता देवी के आशीर्वाद लेने को श्रद्धालुओं ने गर्मी और धूप की परवाह नहीं की, हालांकि मंदिर समिति की ओर से छाया के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन पंक्ति इतनी लंबी थी कि पंडाल छोटे पड़ गए। श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन भी कराई तो वही नवविवाहित दंपतियों ने भी सुखी दाम्पत्य जीवन की प्रार्थना की। सुरक्षा को पुलिस मुस्तैद रही।

# अवैध शस्त्र रखने के दोषी को एक साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अवैध शस्त्र रखने के 13 साल पुराने मुकदमे में कोर्ट ने कासगंज निवासी अहसान को दोषी करार दिया। एक साल कारावास की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का जुर्माना लगाया। मामला थाना आदमपुर से जुड़ा था। 25 मई 2013 को थाने के तत्कालीन दरोगा ओम शर्मा ने कासगंज जिले के गांव नदरई निवासी अहसान को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। बाद में आरोपी जमानत पर रिहा हो गया था। लगभग 13 साल से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। जिसकी सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने अहसान को दोषी करार दिया। एक साल कारावास की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# नागरिकों को गुणवत्तापूर्वक मिले स्वास्थ्य सेवाएं: जसवंत

## प्रभारी मंत्री ने सीएचसी का निरीक्षण कर मरीजों का जाना हाल, संबंधितों को दिए निर्देश







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** मंगलवार को नगर के कोताना रोड स्थित राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मरीज से वार्तालाप कर उनका हाल चाल भी जाना।

राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बड़ौत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएससी का औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत की निरीक्षण के दौरान मंत्री जसवंत सैनी ने इमरजेंसी कक्ष औषधि वितरण कक्ष ओपीडी कक्ष लेबर रूम बीबीसी और बीबी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से चल रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र पर भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना मरीजो ने बताया कि उन्हें सभी स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर और सुचारू रूप से मिल रही है। मंत्री जसवंत सैनी ने स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने मंत्री जसवंत सैनी का पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। सीएससी अधीक्षक डा.विजय कुमार ने भी फूलों की मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी पवन शर्मा जिला महामंत्री विजेंद्र शर्मा एडवोकेट भाजपा नेता रविंद्र आर्य सचिन मलिक फार्मासिस्ट अध्यक्ष ओमवीर मलिक धर्मेंद्र कुमार मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया स्टांप व बहुमूल्य वस्तुओं के कार्यों का वार्षिक सत्यापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में स्टांप एवं बहुमूल्य वस्तुओं के कार्यों का वार्षिक सत्यापन किया। इस प्रक्रिया के तहत कोषागार में रखी गई सरक. ारी संपत्तियों, स्टांपों एवं अन्य बहुमूल्य दस्तावेजों की गहन जांच की।

सत्यापन के दौरान जिलाधिकारी ने कोषागार के रिकॉर्ड की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दस्तावेजों और बहुमूल्य वस्तुओं का सही ढंग से संधारण किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोषागार में सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए और नियमित निरीक्षण किए जाएं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, वरिष्ठ कोषागार अधिकारी मनीष कुमार सिंह, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, कोषागार वरिष्ठ सहायक रामनाथ सहित उपस्थित रहे।

## एक किलो 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 1 किलो 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये है। यह गांजा हरियाणा से बागपत में तस्करी के लिए लाया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर बिनौली थाना पुलिस ने तस्कर को समय रहते दबोच लिया। गिरफ्तार गांजा तस्कर की पहचान बरनावा निवासी एहसान अब्बास पुत्र खलील अब्बास के रूप में हुई है।

ुलिस के अनुसार, वह यह अवैध खेप हरियाणा से लेकर आ रहा था। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कैंटर में मारी टक्कर, परिचालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर डूंडहेड़ा चौकी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक कैंटर को टक्कर मार दी। इस हादसे में कैंटर का परिचालक घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ट्रक चालक कुलदीप नशे की हालत में था और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर मौजूद एक बाइक सवार बाल-बाल बचा, जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवा. सियों राकेश कुमार और मनोज ने बताया कि ट्रक बहुत तेज गति में था और टक्कर के बाद चालक नशे में पाया गया। इस दौरान ब्लॉक कर्मचारी फारूक भी ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। आरा. ेपी चालक कुलदीप को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

### एक नजर

## 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का दावा



**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सरकार समाजवादी पार्टी की बनेगी। अखिलेश यादव सपा प्रमुख प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। यह वक्त बातें मंगलवार को प्रदेश महासचिव राजपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने भाजपा पर कटास करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई चर्म पर है। किसानों का बकाया गन्ना भुगतान समय पर भी नहीं हो रहा है। भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग परेशान है। आज किसान अपने घड़ियाले आशु रो रहा है। समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो किसानों मजदूरों व्यापारियों गरीबों को एक साथ लेकर चलने का काम करती है। भाजपा के शासनकाल में मजदूर भी परेशानी की तरफ चल रहा है। मनरेगा को खत्म करने भाजपा ने मजदूरों के साथ भी धोखा किया है।

## बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लात-घूसे व लाठी डंडे





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र स्थित तितरोदा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव में एक बारात आई थी। बारात में आए बच्चों और लड़की पक्ष के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद पहले कहासुनी में बदला और फिर दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से भिड़ गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष मारपीट करते रहे। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के पहुंचने की सूचना पर मामला शांत हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सिंघावली अहीर थाना प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि वायरल वीडियो और आरोपों के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## युवती से छेड़छाड़ व उसकी हत्या के मामले में आरोपी को हुआ आजीवन कारावास, 18 हाजर रुपये का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और उसकी हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोषी पर 18,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस फैसले के साथ पीड़ित परिवार को 12 साल बाद न्याय मिला है।

अदालत ने सभी गवाहों की गवाही और प्रस्तुत सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। इसी के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। यह घटना 12 साल पुरानी है। उस समय मृतक युवती के पिता ने छपरौली थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ और उसकी हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी की पहचान सुंदर पुत्र जयकरण, निवासी शबगा, थाना क्षेत्र छपरौली के रूप में की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) राहुल नेहरा ने बताया कि अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

## सूबेदार मेजर शिवराज सिंह का गांव में हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के सिनोली गांव निवासी सूबेदार मेजर शिवराज सिंह कश्मीर के गुलमर्ग क्षेत्र में अपनी तैनाती पूरी करने के बाद अपने पैतृक गांव सिनौली पहुंचे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फुल मालाओं व ढोल नगाड़ों से स्वागत किया।

इस अवसर पर उनकी पत्नी विनेश मान बेटा जोरावर सिंह मान बहू वंशिका मान और बेटी फूलन भी मौजूद थी। स्थानीय लोगों ने इस स्वागत को सेना में सेवा देने वाले सपूत के पैत्रक गांव का गर्व और सम्मान बना बताया। बच्चों और युवाओं ने भी उन्हें फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सूबेदार मेजर शिवराज सिंह मान ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपके प्यार और सम्मान ने हमें और भी गर्व महसूस कराया। उन्होंने गांव के सम्मानित लोगों के बीच अपनी वाणी से कहा कि यह मेरे लिए हमेशा यादगार दिन रहेगा। छोटी उम्र में मैं खेत में जब सिंचाई करने जाता था भरी दुपहरी में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई भी किया करता था। वह दिन मुझे याद आते रहते थे गांव के लोगों से गांव का हाल-चाल जानता रहता था मैं हमेशा गांव की यादगार को अपने दिल में रखता था। आज मैं अपने गांव में आया तो मुझे गांव के लोगों ने अपने पलकों पर बैठा लिया और सब पुरानी बातें बताई जिसे मैं बहुत खुश हुआ। मंगल शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाकर गुलदस्ते देखकर उनका स्वागत किया गया।

## दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर कट पर आश्वासन, पंचायत स्थगित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बडौत तहसील में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर गांगनौली के पास कट की मांग को लेकर दोघट कस्बे में हुई पंचायत को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से हुई वार्ता के बाद लिया गया, जिसमें मंत्री ने कट देने का आश्वासन दिया है।

दोघट कस्बे में राजेंद्र चौधरी के आवास पर गांगनौली के पास दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर कट के संबंध में एक पंचायत आयोजित की गई थी। यह पंचायत दरअसल 1 अप्रैल को कॉरिडोर पर प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई थी। भाकियू नेता राजेंद्र चौधरी ने पंचायत को बताया कि हाल ही में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से गांगनौली के पास कट को लेकर वार्ता हुई थी।

इस वार्ता में नितिन गडकरी ने कट देने का आश्वासन दिया है। इसके चलते 1 अप्रैल का प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया गया है। पंचायत में यह चेतावनी दी गई कि यदि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी जल्द ही एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। बताया गया कि इस कट से 60 से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पंचायत की अध्यक्षता चौधरी देवेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन विनोद खेड़ा ने किया।

## घर में घुसकर फायरिंग का लगाया आरोप, पीड़ित ने आरोपियो के खिलाफ पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र के तुगाना गांव में सोमवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां घर षमें घुसकर फायरिंग की गई। घटना में एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया, जबकि आरा. ेपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, राजकुमार पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम तुगाना अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 12:30 बजे गांव का ही मोहित अपने तीन अन्य साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। आरोप है कि मोहित ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। पहली गोली राजकुमार को नहीं लगी और घर के अंदर जा लगी, जबकि दूसरी गोली साइड से निकल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जाते समय आरोपियों ने पीड़ित को दोबारा आने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित पक्ष ने थाना छपरौली में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। टांडा चौंकी इंचार्ज ने बताया की पीड़ित ने तहरीर दी तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## सकल जैन समाज ने महावीर भगवान रथ यात्रा महोत्सव का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** श्री दिगंबर जैन मंदिर बागपत में सकल जैन समाज बागपत के द्वारा महावीर भगवान रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम श्री1008 अजित नाथ भगवान, श्री शान्ति नाथ, श्री नेमि नाथ भगवान का मयंक जैन के निर्देशन में अभिषेक हुआ उसके उपरान्त भगवान महावीर की प्रतिमा का मंजन किया गया।

रथ यात्रा के लिए इंद्रो का चयन लकी ड्रा द्वारा किया गए, जिसमें श्रीजी को शीश पर धारण कर चलने का सौभाग्य श्री नमन जैन, राजेश जैन, सारथी बने का सौभाग्य लवी जैन, कुबेर बनने का सौभाग्य संजय जैन बस वाले, चवर ढूराने का सौभाग्य बादल जैन, को मिला प्राप्त हुआ। इसके उपरान्त श्री दिगंबर जैन मंदिर बागपत के मूलनायक भगवान अजित नाथ भगवान से देव आज्ञा प्राप्त कर श्रीजी को पालकी में विराजमान कर बड़े बाजार में स्वर्ण रथ पर विराजमान किया गया जहां पर रथ यात्रा ने अपना भव्य रूप लिया और समाज के सभी लोगों ने जगह जगह रथ यात्रा का आरती की और देश के जाने माने बैंड बाजों ने अपने सुंदर सुंदर भजनों से सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर कर दिया। रथ यात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्री जैन इण्टर कॉलेज बागपत पहुंची जहां स्थित पांडुशिला पर इन्द्रओ द्वारा भगवान का शुद्ध जल से मंत्रोंचार द्वारा अभिषेक और पूजन किया गया। पूजन के उपरान्त रथ यात्र पुन: नगर भ्रमण करते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर बागपत पर आ कर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष पंकज जैन, पियूष जैन, अतुल जैन, बिजेंद्र जैन, प्रहलाद जैन, संजीव जैन, विनित जैन, मयंक जैन, राजा जैन, विकास जैन, तरुण जैन, यश जैन, सुनिल जैन, राकेश जैन, शिखर चंद, कामिनी जैन, लवली जैन, बबिता जैन, रूबी जैन, पूनम जैन आदि नक कार्यक्रम में भाग लिया।

# बाइक-कार की भिड़ंत महिला की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित लभारी पुलिस चौकी के पास इकरार हुसैन उर्फ भूरा खां पुत्र अनवार खां निवासी नौसना अपनी पत्नी राजदा बी, पोते शाद और ईशान के साथ जनपद रामपुर के थाना मिलक क्षेत्र के खाते नगरिया मैरिज हॉल से दावत खाकर लौट रहे थे।इसी दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रही कार से उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार भी पेड़ से जा टकराई और क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार वन विभाग के फॉरेस्ट अधिकारी बाल-बाल बच गए।हादसे में भूरा खां, उनकी पत्नी और दो पोते गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर चौकी इंचार्ज सूरज सिंह, एसआई श्रीपाल सिंह, अंकित शर्मा व सूरज पाल गौतम मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने महिला राजदा बी को मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार इकरार हुसैन उर्फ भूरा खां के पैर में फ्रैक्चर है, जबकि दो पोते की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतका के पुत्र इस्तकार, फुरकान, गुलफाम, इलफान, फरमान तथा पुत्रियां मननु, शबनम व अविवाहित तरन्नुम हैं। बताया जा रहा है कि गांव के



एक युवक की बारात खाते नगरिया मैरिज हॉल में गई थी, जहां से परिवार दावत खाकर लौट रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दो अप्रैल को होने वाले सपा के धरना प्रदर्शन में जुटेगी भारी भीड़

■ **पूर्व मंत्री ने कहा चीनी मिल चालू हो**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर 2 अप्रैल को नगर में होने वाला समाजवादी पार्टी का धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा। धरने में भारी भीड़ जुटाने के लिए सपाई जी तोड़ मेहनत करने में लगे हुए हैं।

पार्टी के विधानसभा कार्यालय (बग्गर) में अखबार नवीसों को इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने सरकार के साथ ही स्थानीय प्रशासन पर क्षेत्र की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गुजरी 17 मार्च को 15 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा गया था, जिसमें से आधे से अधिक समस्याओं का स्थानीय प्रशासन द्वारा निराकरण किया जा सकता था, लेकिन प्रशासन ने एक भी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने कहा कि क्षेत्र के गन्ना किसानों का दो साल का करोड़ों रुपए बकाया है, प्रशासन ने मिल की नीलामी कर दी थी, लेकिन एक सत्ता पक्ष के नेता ने नीलामी कम धनराशि में किए जाने का आरोप लगाते हुए इसके निरस्त किए जाने की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि चीनी मिल चालू हो, और उसके फिर बकाए का भुगतान सरकार को कराना चाहिए। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने क्षेत्र के बंद पड़े



प्राथमिक स्कूलों को तत्काल खोले जाने, तहसील और थानों में फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने, छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात दिलाए जाने, राशन कोटों पर सत्ता पक्ष के लोगों का बिकवाया जा रहा साबुन, निरमा और नमक पर रोक लगाए जाने के साथ ही गैस वितरण की व्यवस्था में प्रशासन के साथ ही पुलिस द्वारा हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने की मांग जिला प्रशासन से की।

उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल को होने वाले पार्टी के इस धरना प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र के हर सेक्टर प्रमुख के साथ ही नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने का दावा किया है। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेजप्रकाश गंगवार, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष उमेंद्र गंगवार भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मीरगंज में प्रेम प्रसंग बना हंगामा पंचायत के बाद कराई गई शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा शाही के एक मोहल्ले में सोमवार रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक युवती ने अपने प्रेमी को घर बुला लिया। देर रात दोनों के एक कमरे में होने की भनक लगते ही घर में मौजूद परिजनों को शक हुआ और मामला अचानक बिगड़ गया।

बताया जा रहा है कि युवती की भाभी की नींद खुल गई और उसने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद उसने शोर मचा दिया, जिससे घर के अन्य सदस्य भी जाग गए। हंगामा बढ़ता देख युवक मौके से फरार हो गया।घटना के बाद युवती की मां ने युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दे दी। वहीं दूसरी ओर युवती अपनी मां के साथ थाने पहुंच गई और प्रेमी के साथ निकाह कराने की जिद पर अड़ गई।मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक पंचायत चली। स्थानीय लोगों और परिजनों की मौजूदगी में लंबी बात-चीत के बाद आखिरकार दोनों परिवार इस रिश्ते के लिए राजी हो गए। पंचायत में सहमति बनने के बाद मौलवी को बुलाया गया और दोनों का निकाह करा दिया गया।

### हाजी रियासत हुसैन मेमोरियल आल इंडिया वालीबाल टूर्नामेंट 4 व 5 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी द्वारा शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला शरीफनगर में दिनांक 4 एवं 5अप्रैल को दो दिवसीय डे नाइट हाजी रियासत हुसैन मेमोरियल आल इंडिया बालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न प्रांतों से करीब 14 टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें गुजरात,पंजाब,हरियाणा,उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश के लखनऊ,बनारस,गोरखपुर रायबरेली,आजमगढ़ मेरठ,मुजफ्फरनगर, आदि स्थानों की टीमों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे विजेता टीम को 51000 की एवं उपविजेता टीम को 31000 की नगद राशि दी जाएगी साथी ही अन्य आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है दर्शकों के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है वी आई पी मेहमानों एवं मीडिया कर्मियों के लिए अलग अलग विशेष दीर्घा बनाई गई है इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू ने बताया कि टीमों के ठहरने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है सोसाइटी के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियों सौंपी गई हैं।

### खानकाहे शाहजी रफीकुल औलिया में 16वां तीन दिवसीय उर्स दो अप्रैल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** खानकाहे शाहजी रफीकुल औलिया मोहम्मदिया कादरिया रफीकिया मुनीरिया में हजरत अलहाज अश्शाह शाहजी रफीकुल औलिया (र.अ.) का 16वां सालाना तीन रोजा उर्स 2 अप्रैल से शुरू होगा। उर्स का आगाज गुरुवार को नमाज-ए-फज्र के बाद कुरानख्वानी से किया जाएगा।

उर्स के पहले दिन 2 अप्रैल को असर के बाद हजरत सूफी मुनीर मियां मोहम्मदी कादरी (र.अ.) का कुल शरीफ होगा। इसके बाद इशा की नमाज के बाद शाहजी रफीकुल औलिया कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें मौलाना मोहम्मद सलीम कादरी, मौलाना साजिद शेरपुरी सहित कई उलमा शिरकत करेंगे। वहीं कारी यासीन, सैय्यद मो. वसी और सरताज रफीकी जैसे शायर नात पेश करेंगे। 3 अप्रैल (जुमा) को फज्र के बाद कुरानख्वानी के उपरांत सुबह 9:40 बजे हजरत शाहजी रफीकुल औलिया का विसाली कुल होगा। रात में इशा के बाद अजीमुश्शान नातिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा, जिसकी निजामत हिलाल बदायूनी करेंगे। मुशायरे का मिसरा तराह "तेरी हम पर इनायत है रफीकुल औलिया बेशक" रखा गया है। उर्स के अंतिम दिन 4 अप्रैल को फज्र के बाद कुरानख्वानी और जोहर के बाद आखिरी महफिल का आगाज होगा। कुल शरीफ में मुफ्ती अतीक कादरी पीलीभीती, सैय्यद असलम मियां, कारी आताउर्रहमान कादरी सहित कई उलमा शिरकत करेंगे। शाम 4:15 बजे आखिरी कुल शरीफ अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स की सरपरस्ती सज्जादानशीन मोहिब मियां रफीकी कादरी मोहम्मदी करेंगे, जबकि नायब सज्जादा फय्यूख अहमद भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान लंगर-ए-आम का भी इंतजाम किया गया है।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत, पुलिस ने पंचनामा भरकर परिजनों को सौंपा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की बस्ती बहोर नगला में गुजरी रात एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने का भरसक प्रयास किया, वहीं परिजन किसी भी सूरत में पोस्टमार्टम को तैयार नहीं हुए। आखिर में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। बस्ती के तेजराम का 35 वर्षीय पुत्र राजेश सोमवार को खाना खाकर अपनी पत्नी प्रेमवती और दोनों बच्चों के साथ सोया था कि रात में किसी समय उसकी मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस स्थल पर जा पहुंची। घटना को लेकर बस्ती में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। युवक की संदिग्ध मौत पर पत्नी प्रेमवती, उसके दोनों बच्चों के साथ ही उसकी मां शान्ति देवी और छोटे भाई सुनील कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है।



# तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

■ **शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर में तालाब की सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है।

ग्राम पहुंचा खुर्द निवासी दीपक पुत्र अमर सिंह ने उपजिलाधिकारी मीरगंज को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गाटा संख्या 139, जो तालाब के रूप में दर्ज है, पर कुछ दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराया जा रहा है। इससे तालाब का अस्तित्व समाप्त होने की स्थिति बन रही है और ग्राम समाज की संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने 19 फरवरी, 23 फरवरी और 7 मार्च को भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही 16 मार्च को जिलाधिकारी बरेली और एसडीएम कार्यालय को स्पीड पोस्ट से भी प्रार्थना पत्र भेजा गया, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दीपक का कहना है कि लेखपाल द्वारा मौके पर नापजोख में अवैध कब्जे की पुष्टि होने के बावजूद कार्रवाई न होना गंभीर लापरवाही दर्शाता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर उदासीनता या मिलीभगत का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने मांग की है कि अवैध कब्जा हटाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# दो रोजा उर्स ए शाहिदी का पोस्टर जारी 27-28 अप्रैल को होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम, बहेड़ी में हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां साहब रहमतुल्लाह अलैह का 6वां सालाना दो रोजा उर्स ए शाहिदी 27 और 28 अप्रैल (सोमवार व मंगलवार) को आयोजित किया जाएगा। उर्स को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे दरगाह कमेटी द्वारा उर्स का पोस्टर जारी किया गया। पोस्टर जारी होते ही दरगाह शरीफ पर आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गईं। उर्स का पोस्टर उर्दू, हिन्दी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में तैयार किया गया है, जिसे दावतनामा के तौर पर



विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को बाद नमाज इशा अजीमुश्शान जलसा-ए-सीरतुन्नबी का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय और बाहरी उलेमा-ए-इकराम तकरीर पेश करेंगे, वहीं शायर अपने कलाम से महफिल को रौनक देंगे। 28 अप्रैल को बाद नमाज फज्र दरगाह शरीफ पर कुरआनख्वानी और हल्का-ए-जिक्र होगा। इसके बाद नात व मनकबत के साथ उलेमा-ए-इकराम की तकरीरें होंगी। सुबह 10 बजे हजरत शाहिद अली मियां साहब का विसाली कुल शरीफ अकीदत के साथ मनाया जाएगा, जबकि दोपहर 12 बजे आखिरी कुल शरीफ होगा। इसके उपरांत आम लंगर का आयोजन किया जाएगा। उर्स में आने वाले जायरीन के ठहरने और अन्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। समस्त कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां और सय्यद सिब्तैन मियां की निगरानी में संपन्न होंगे।

पोस्टर जारी के अवसर पर मोहम्मद इकबाल अंसारी, डॉ. अनवार अंसारी, दरगाह प्रवक्ता मौलाना नाजिमुल कादरी, कारी मोहम्मद ताहिर फैजानी, कफील अंसारी, जीशान शेख शाहिदी, सभासद नसीम अहमद, मोहम्मद कमर, मोहम्मद वसीम अत्तारी, मीडिया प्रभारी आसिफ, मुहम्मद मोनिस, मौलाना रफीक शाहिदी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# जे एंड ए इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया दीक्षान्त समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के जे एण्ड ए इंटरनेशनल स्कूल में दीक्षांत समारोह का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन सलीम अख्तर, प्रबंधक महेनाज जहां व विशिष्ट अतिथि अफजाल अहमद, स्कूल के एमडी मुगीश अख्तर, डायरेक्टर मिली घोष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

स्कूल चेयरमैन सलीम अख्तर ने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाया कि शिक्षा से हम किस तरह अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। इसके बाद उन विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए, जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में कोई न कोई स्थान प्राप्त किया था। नर्सरी में प्रथम स्थान अतरूल, एलकेजी में



असनान खान, यूकेजी में मो. जैनुल, फर्स्ट में असद, सेकंड में इनाया फातिमा, थर्ड में अदीना, फोर्थ में जिया खान, फिफ्थ में मो० अजमल, सिक्स में खत्ताव, सेवनथ में इनव फातिमा, आठवीं में जिया फातिमा, नौवीं में फातिमा, 11 (विज्ञान) में अनजालना, 11 (वाणिज्य) आमना तस्लीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही साथ सेकंड, थर्ड व अन्य विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# मीरगंज को मिली बड़ी सौगात

■ **579 लाख की लागत से 10 सड़कों के निर्माण को मंजूरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विधानसभा क्षेत्र के विकास को बड़ी गति मिलने जा रही है। प्रदेश शासन ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 30 मार्च को क्षेत्र की 10 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इन सड़कों का निर्माण करीब 579.77 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।स्वीकृत परियोजनाओं के तहत मनकरा से गोल कुंडा बॉर्डर तक 1.32 किलोमीटर सड़क के लिए 39 लाख रुपये, मंडवा से वंशीपुर तक 0.72 किलोमीटर सड़क के लिए 20 लाख रुपये और सेवा ज्वालापुर में छेदा लाल के घर से हेमराज के घर तक 0.65 किलोमीटर सड़क के लिए 26 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

इसके अलावा कुरतरा से सतुईया खास तक 1.07 किलोमीटर सड़क के लिए 35 लाख रुपये, मदनापुर में रम्पुरा जाटान होते हुए बड़ी सिमरिया तक 0.55 किलोमीटर सड़क के लिए 20 लाख रुपये, खिदाईपुर से आनंदपुर तक 1.25 किलोमीटर सड़क के लिए 35 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।वहीं नगरिया कल्यानपुर से संजरपुर तक 0.75 किलोमीटर सड़क के लिए 21 लाख रुपये, बल्ली से शीशगढ़ रोड तक 0.75 किलोमीटर सड़क के लिए 20 लाख रुपये, अनुबिस डिग्री कॉलेज से परौरा मार्ग तक 0.90 किलोमीटर सड़क के लिए 25 लाख रुपये और बकेनिया वीरपुर से दुनका तक 1.57 किलोमीटर सड़क के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बताया कि शासन ने पूरे बरेली जिले में 4763.95 लाख रुपये की लागत से 98 सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है, जिसमें से 2289 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। इनमें से 10 सड़कें मीरगंज विधानसभा क्षेत्र की हैं।उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।

# पुलिस ने किया स्मैक तस्करी का खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर हाईवे पर रुकमपुर स्थित यात्री शेड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 312 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान की गई।

■ **22 साल का युवक 312 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा**

पकड़े गए आरोपी की पहचान गौतम निवासी ग्राम भोलापुर, थाना फतेहगंज पश्चिमी के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 22 साल बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अधिकतर देहरादून (उत्तराखंड) में रहता है। वह ट्रक चालकों से सस्ते दाम में स्मैक खरीदता था और फिर इसे अपने गांव के अजय नाम के व्यक्ति को दे देता था या खुद देहरादून ले जाकर महंगे दामों में बेचता था। इस तरह वह अपने और अपने परिवार का खर्च चलाता था। पुलिस को पूछताछ में कुछ अहम जानकारी भी मिली है, जिसके आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह का कहना है कि ऐसे मामलों में कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपी को समय से कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल लेखपाल शामिल रहे।

# इंसानियत की राह पर अनूठी पहल तीन तंजीमों ने मिलाया हाथ

■ **मोतियाबिंद ऑपरेशन, सामूहिक विवाह और ब्लड डोनेशन से देंगे सेवा का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाज में इंसानियत, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन सामाजिक तंजीमों द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। यह पहल जरूरतमंद लोगों की मदद और समाज में खुशहाली फैलाने का संदेश दे रही है।

कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मुफ्त इलाज कर उन्हें नई



रोशनी देने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद 8 अप्रैल को 7 इज्तेमाई (सामूहिक) शादियों का आयोजन होगा, जिसमें जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी कर उन्हें नई जिंदगी की शुरुआत दी जाएगी। इसी क्रम में 15 अप्रैल को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा, जहां लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने की अपील की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह तीनों कार्यक्रम समाज सेवा की सच्ची भावना को दर्शाते हैं, जहां बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

यह पहल खिदमत ए इंसानियत चौरिटेबल ट्रस्ट, हुसैनी कमेटी एवं ग्रेशियस वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन एमएम लॉन, मोहम्मदपुर चौराहा (बहेड़ी) में होगा।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इन नेक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, सहयोग करें और इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि इंसानियत का यह कारवां और आगे बढ़ सके।

### राकेश टिकैत की गिरफ्तारी पर भड़के किसान, सीओ को सौंपा पत्र

**नवाबगंज।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा में गिरफ्तार किए जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीओ को ज्ञापन सौंपकर सरकार की कड़ी निन्दा की है। सीओ नीलेश मिश्र को सौंपे ज्ञापन में भाकियू नेताओं ने कहा है कि देश में किसानों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। एमएसपी गारंटी कानून, किसान कर्ज माफी, कृषि उपयोगी वस्तुओं की बढ़ती महंगाई, उत्पादों के बढ़ते दाम व घटते वजन, फसलों के गिरते रेट और भारत-अमेरिका ट्रेड डील रद्द करने जैसी मांगों को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलन कर रहा हैं, इसके बावजूद सरकार बातचीत के बजाय दमनात्मक रवैया अपना रही है। सोमवार को उड़ीसा में आयोजित मजदूर किसान महा पंचायत को रोकते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत कई किसानों को हिरासत में लिए जाने को भाकियू ने किसान विरोधी कार्य बताया है।



# डीएम के प्रयासों से बरेली को मिली विकास की बड़ी सौगात

■ **98 परियोजनाओं को मंजूरी, सड़कों के जाल से बदलेगा शहर और गांवों का नक्शा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह के सशक्त प्रयासों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत जनपद बरेली को 47.63 करोड़ रुपए की बड़ी विकास सौगात मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 98 विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने से जिले में विकास की रफ्तार तेज होने जा रही है।



इन परियोजनाओं के लिए शासन ने 22.89 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी है, जिससे कार्यों की शुरुआत का रास्ता साफ हो गया है। सभी कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बरेली को सौंपी गई है, जो तय समय सीमा में परियोजनाओं को धरातल पर उतारेगा।

योजना के तहत शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सड़क निर्माण और सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। शहर में सड़कों के कायाकल्प के लिए 4.80 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। वहीं गांवों में नई सड़कों के निर्माण के लिए 18.09 करोड़ रुपए की बड़ी धनराशि निर्धारित की गई है, जो ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती देगी।

शासन द्वारा जारी धनराशि को कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराया जा रहा है और इसके लिए विस्तृत कार्यादेश भी जारी कर दिए गए हैं। इन आदेशों में सभी परियोजनाओं की स्पष्ट रूपरेखा और शर्तें निर्धारित की गई हैं, ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे हो सकें।

डीएम अविनाश सिंह के नेतृत्व में मिली इस विकास सौगात से बरेली में न सिर्फ सड़क नेटवर्क मजबूत होगा, बल्कि शहर और गांवों के बीच की दूरी भी कम होगी और जनपद के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

# कस्बे में नगर पंचायत पर लगा भेदभाव का आरोप

■ **सभासदों ने की निष्पक्ष जांच की मांग सभी के साथ हो एक जैसा व्यवहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में एक मामला ऐसा सामने आया है, जहां नगर पंचायत की कार्यवाही पर भेदभावपूर्ण रवैये के आरोप लगे हैं। क्षेत्र के सभासदों और स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को लेकर गंभीर चिंता जताई है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला अंसारी पुराना कपड़ा बाजार निवासी सुधांशु मिश्रा ने नगर पंचायत अधिशासी



अधिकारी को दिए अपने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पक्षपात किया गया। उन्होंने बताया कि उनके इलाके में उनके हिस्से की संपत्ति का बड़ा भाग पूरी तरह से तोड़ दिया गया, जबकि उसी क्षेत्र के अन्य लोगों ने स्वयं अपने निर्माण का केवल कुछ हिस्सा हटाया बाकी हिस्से पर अतिक्रमण कायम है फिर भी उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई।

शिकायत में इस कार्रवाई को "अन्यायपूर्ण और पक्षपातपूर्ण" बताया गया है। इस प्रकरण में कई सभासद सुधांशु मिश्रा के पक्ष में खड़े नजर आ रहे है। सभासदों का कहना है कि प्रशासन को सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए और नियमों का पालन एक समान रूप से कराया जाना चाहिए। इस मामले में सभासद शराफत हुसैन व जाकिर नसरीन हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी समर्थन जताया है और कहा है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं की गई।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

